कोरोना कर्फ्यू अब 17 मई तक, सब्जी व फल बिक्री पर भी रोक जारी

# तीन दिन होगी किराना की होम डिलीवरी



लाकडाउन के चलते रतलाम के अतिव्यस्त रहने वाले धानमंडी क्षेत्र में पसरा सन्नाटा। ● नईदुनिया 7-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना कर्फ्यू की समय सीमा बढ़ाने के साथ ही छूट का दायरा भी सीमित कर दिया गया है। अब 17 मई तक कोरोना कर्फ्यू लागू रहेगा। इस दौरान विवाह समारोह, उठावना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा वहीं फेरी लगाकर फल-सब्जी बेचने पर लगी रोक भी जारी रहेगी।

गुरुवार को कलेक्टर गोपालचंद्र डाड द्वारा जारी धारा 144 के आदेश में किराना दुकानों से मंगलवार, गुरुवार व शनिवार खेरची व्यापारी ग्राहकों को होम डिलीवरी सुबह नौ से शाम पांच बजे तक कर सकेंगे जबकि सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को थोक व्यापारी को सुबह छह से ग्यारह बजे तक लोडिंग, अनलोडिंग की अनुमति रहेगी। अंतिम संस्कार (शवयात्रा) के दौरान अधिकतम 10 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी। केवल आपातकालीन उद्देश्यों से चिकित्सा आपात स्थिति को छोड़कर दो पहिया वाहन पर एक व्यक्ति और चार पहिया वाहन पर वाहन चालक के अतिरिक्त दो व्यक्ति की अनुमति

## रात में ही महिला की मौत, स्वजन को अगले दिन शाम को बताया

रतलाम। शासकीय मेडिकल कालेज में कोरोना मरीजों व उनके स्वजनों की परेशानियां कम नहीं हो रही हैं। उपचार के लिए भर्ती होने में मशक्कत करने के बाद अब मौत की सूचना भी मरीजों के स्वजनों को 12 से 15 घंटे तक नहीं मिल रही है।

खाचरौद के ग्राम धुड़ावन की महिला 55 वर्षीय शांतिबाई पत्नी निर्भयराम गुर्जर को तीन मई को मेडिकल कालेज के कोविड अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बेड नंबर 51 पर भर्ती शांतिबाई की चार मई की रात 11 बजे मौत हो गई। शांतिबाई के बेटे शिवम ने बताया कि पांच मई को शाम चार बजे मां की जानकारी लेने पहुंचे तो बताया कि उनकी रात में मौत हो गई। उपचार करने वालों को इस तरह की अव्यवस्था नहीं करना चाहिए। बाद में उन्होंने शवगृह में जाकर शव लेने के बाद अंतिम संस्कार किया। मामले में कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मरीज के स्वजन को मौत की सूचना तत्काल दी जाती है। मोबाइल बंद होने या किसी वजह से स्टाफ का महिला के स्वजन से संपर्क नहीं हो पाया होगा।

### इन्हें रहेगी छूट

पेट्रोल पंप, बैंक, शासकीय कार्यालय, रेलवे सहित, गैस सिलिंडर आपूर्ति, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानें व अन्य अत्यावश्यक सेवाएं जारी



से शाम चार बजे तक व अस्पताल के 100 मीटर दायरे की दवा दुकानें 24 घंटे खुली रखी जा सकेंगी। औद्योगिक इकाइयां चालू रहेंगी, लेकिन श्रमिकों को एसडीएम कार्यालय से पास लेना जरूरी होगा।

15

# सकारात्मकता का आनलाइन दे रहे प्रशिक्षण

## शौर्य कार्यशाला के माध्यम से कोरोना का भय दूर करने का प्रयास

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना महामारी के बीच आर्ट आफ लिविंग संस्था द्वारा आनलाइन शौर्य नामक दस दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से कोरोना का भय दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। यह सत्र वयस्कों के लिए तैयार किया गया है, लेकिन बच्चे भी इसका अनुसरण कर रहे हैं।

महामारी के दौर में लोग आशंकित है कि कहीं वे भी इस संक्रमण की चपेट में ना आ जाएं। इन सबसे बचने के लिए लोग दवाइयों का सहारा ले रहे हैं। सामाजिक मेलजोल बंद है। ऐसे में आर्ट आफ लिविंग संस्था के प्रशिक्षक डा. लोकेंद्रसिंह कोट मेडिकल कालेज में अपने सह प्रशिक्षकों ओपी चौधरी, भूपेन्द्र सोनी, शीतल अग्रवाल के साथ प्रतिदिन सुबह एक घंटा निशुल्क आनलाइन प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिसमें अन्य शहरों से भी प्रतिभागी व स्वयं सेवक जुड़ कर लाभ उठा रहे हैं। इस प्रभावी सत्र से भय की समाप्ति, शत्रु से लड़ने की क्षमता, ऊर्जा का संचार और सकारात्मकता का प्रवाह हो रहा है। कोविड रोगियों एवं स्वस्थ लोगों की श्वसन प्रबंधन से प्रतिरोध शक्ति का विकास हो रहा है।



शव वाहन को सैनिटाइज करते हुए निगमकर्मी। ● नईदुनिया



भक्तन की बावड़ी मुक्तिधाम परिसर को सैनिटाइज करते हुए निगमकर्मी। ● नईदुनिया

### 103 मरीजों को किया मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम। ई-दक्ष केंद्र से गुरुवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 127 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु किट उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। इसके तहत सूची अनुसार 103 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। पांच मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया। छह मरीजों के कांटेक्ट नंबर व पते गलत पाए गए। नौ मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाए गए। आठ मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

### शहर में प्रतिदिन किया जा रहा सैनिटाइजेशन

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइज किया जा रहा है। गुरुवार को फायर लारी व ट्रैक्टर से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, अहिंसा ग्राम, पूनम विहार कालोनी, शक्ति नगर, विरियाखेड़ी, आफिसर्स कालोनी, कसारा बाजार सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि को सैनिटाइज किया गया।



---

**हालात** शासकीय मेडिकल कालेज अस्पताल में 64 नए मरीज हुए भर्ती

# 460 मरीजों का चल रहा उपचार, 90 बेड अभी खाली

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शासकीय मेडिकल कालेज में 64 नए मरीज भर्ती हुए। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56, एचडीयू में 172 बेड, आक्सीजन बेड 120 सभी फुल है। नान आक्सीजन बेड 202 में से 112 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 460 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती है। इनमें 305 पाजिटिव हैं तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं।

हास्पिटल में रिक्त बेड 90 है। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 4744, डिस्ट्रीब्यूटेड 1101, कन्ज्यूम्ड 3454, करंट स्टाक 189 है। उन्होंने बताया कि मरीजों व उनके स्वजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जा रही है। उधर, जिला अस्पताल परिसर स्थत फीवर क्लीनिक [illegible] रहे हैं। क्लीनिक के बाहर मरीजों की कतार लग रही है।



रतलाम जिला अस्पताल मे फीवर क्लीनिक के बाहर जांच कराने के लिए लगी मरीजों की कतार। ● नईदुनिया 7-5-21

### आयुष्मान भारत के हितग्राही निशुल्क उपचार करा सकेंगे

रतलाम। आयुष्मान भारत योजना में सामान्य उपचार कराने के लिए निजी [illegible] रूप से संबद्ध किया गया है।

मध्यप्रदेश में कुल 68 निजी अस्पतालों में रतलाम जिले के रतलाम हास्पिटल, श्रद्धा हास्पिटल और शाह हास्पिटल को संबद्ध किया गया है। रतलाम हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को जनरल मेडिसीन, शाह हास्पिटल को आर्थोपेडिक्स, ओटोरिनोलेरिंगोलाजी, ओरल एंड मेक्सीलोफेसियल सर्जरी, पालीट्रामा, जनरल सर्जरी तथा श्रद्धा हास्पिटल को आर्थोपेडिक्स, आब्स्टेट्रिक गायनेकोलॉजी, जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसीन अंतर्गत निर्धारित पैकेज अनुसार [illegible]

### झुग्गी बस्ती की बालिकाएं दे रहीं सेवाएं

रतलाम। जिला प्रशासन, महिला बाल विकास विभाग व पुलिस विभाग के सहयोग से झुग्गी बस्ती में रहने वाली पुलिस विभाग में जाने की इच्छुक बालिकाओं का सुपर-100 बेच तैयार किया गया था। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत लोढ़ा, पर्यवेक्षक एहतेशाम अंसारी की देखरेख में गत तीन माह से पुलिस चयन परीक्षा की तैयारियां जोर-शोर से करवाई जा रही थी। संकट के इस समय सेवा करने की इच्छा इन बेटियों ने दिखाई और कोरोना योद्धा के रूप में सेवा करने की मंशा जिला कार्यक्रम अधिकारी को बताई। एसपी गौरव तिवारी के मार्गदर्शन में आरआइ आरके तंवर, सूबेदार अनोखीलाल परमार के नेतृत्व में टीम तैयार की। थाना स्टे[illegible]

कोरोना से मरीजों की मौत के मामले में प्रदेश में पांचवें नंबर पर आया रतलाम

# मरीजों की जान बचाने में नाकाम रतलाम का चिकित्सा अमला, बढ़ रहा आंकड़ा

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

## लाखों की आबादी वाले शहरों की तुलना में रतलाम में अधिक मौत



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 7-5-21

रतलाम. कोरोना संकट के इस दौर में रतलाम में चिकित्सा विभाग का अमला मरीजों की जान बचाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। यह बात हम नहीं बल्कि मेडिकल कॉलेज से जारी हो रही मरीजों की रिपोर्ट में मौत के आंकड़े बोल रहे हैं। रतलाम में बीते कई दिनों से हर दिन लगभग 5 लोगों की कोरोना से मौत की पुष्टि हो रही है। मौत के मामले को लेकर रतलाम प्रदेश में पांचवे स्थान पर है।

लाखों की आबादी वाले भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर और इंदौर की आबादी के मुकाबले रतलाम की जनसंख्या आधी भी नहीं है, पर मौत का आंकड़ा यहां बहुत ही चौंकाने वाला है। जिले में लगातार बढ़ रहे मौत के आंकड़ों को लेकर अब प्रदेश सरकार भी चिंता में हैं। यही कारण है कि लगातार यहां के अधिकारियों को मौत के आंकड़ों में कमी लाने के संबंध में निर्देश दिए जा रहे हैं लेकिन वह सब हवा हो रहे हैं।

### इलाज कर रहे या नहीं

जिले में जिस गति से मौत के आंकड़ों में इजाफा हो रहा है, उसे देखकर ही इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि रतलाम मेडिकल कॉलेज में मरीजों को कितना बेहतर उपचार मिल रहा है। रतलाम में हर दिन औसत 5 व्यक्तियों की मौत हो रही है। इसके अतिरिक्त कुछ लोग ऐसे भी है जो कि संदिग्ध है और उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में यह दर्ज नहीं है क्योंकि इन लोगों के कोरोना टेस्ट ही नहीं हो सके।

### आखिर कहां है कमी

रतलाम मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए आने वाले मरीजों की लगातार मौत के मामले में प्रशासन को यह पता लगाना होगा कि आखिर व्यवस्था में कहां पर कमी है जिसके चलते हर दिन इतनी संख्या में लोगों की जान जा रही है। मरीजों की मौत के मामले में बुधवार को रतलाम आए जिले के कोविड-19 प्रभारी आईएएस अधिकारी अनुपम राजन ने कलेक्ट्रेट पर बैठक लेकर मरीजों की मौत के बढ़ते आंकड़ों पर चिंता जताते हुए है, इन्हें कम करने के प्रयास करने की बात कही थी।

### मौत के मामले में प्रदेश के टॉप 5 जिले

| | | | |
|---|---|---|---|
| इंदौर | 1176 | जबलपुर | 455 |
| भोपाल | 770 | रतलाम | 210 |
| ग्वालियर | 399 | | |

विभाग से मिले आंकड़े

### परिजनों का फूट रहा गुस्सा

मेडिकल कॉलेज में हर दिन मरीजों की और संदिग्धों की मौत को लेकर परिजनों का गुस्सा फूट रहा है। मृतकों के परिजन भी यहां की चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कई मरीज ऐसे भी हैं जो कि मेडिकल कॉलेज में हो रही मौतों से घबराकर उपचार के लिए यहां आने से घबराते हैं। मरीजों को अब ऐसा लगने लगा है कि यहां आने के बाद उन्हें थैली में पैक कर सीधे मुक्तिधाम पहुंचा दिया जाएगा। कई लोग इन्हें समझा भी रहे हैं कि ऐसा नहीं है, उपचार मिलेगा लेकिन कैसा मिलेगा यह तो भर्ती होने के बाद ही मरीज को पता चल रहा है।

कोरोना का जो नया स्ट्रेन आया है उसकी दो से तीन दिन में फेफड़े खराब करने की क्षमता है। आक्सीजन लेवल एकदम कम हो जाता है। किसी भी व्यक्ति को थोड़े से ही लक्षण दिखे तो तुरंत इलाज लेना शुरू कर देना चाहिए। लोगों को सावधानी बरतना होगी और लक्षण मिलने पर तुरंत ही इलाज शुरू करवाना होगा। जहां तक मौतों का आंकड़ा है तो जो आंकड़े हैं वे अपनी जगह सही है। **-डॉ. जितेंद्र गुप्ता,** डीन मेडिकल कॉलेज, रतलाम

पत्रिका
7-5-2021

# 'पत्रिका' फिर बना प्रदेश की आवाज

# जनता को मिलेगी 'चिरंजीवी'

- अब निजी अस्पतालों में हर वर्ग को दिया जाएगा मुफ्त इलाज
- शिवराज सरकार आज लागू करने जा रही है नई योजना
- अस्पतालों को अनुबंधित कर दिया जाएगा विशेष पैकेज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. कोरोना मरीजों के मुफ्त इलाज के लिए प्रदेश में नई योजना लागू होने जा रही है। इसमें राज्य के अनुबंधित निजी अस्पतालों में गरीब, आम आदमी और मध्यवर्गीय परिवार के लोगों को कोरोना का मुफ्त इलाज मिलेगा। योजना के क्रियान्वयन के लिए आयुष्मान भारत योजना पर निजी अस्पतालों को सरकार विशेष पैकेज देगी। इसके लिए सरकार कुछ बड़े अस्पतालों को छोड़कर सभी जिलों में निजी अस्पतालों को कोविड के इलाज के लिए अनुबंधित करेगी।

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, शुक्रवार से योजना को लागू किया जाएगा। इसके लिए ड्राफ्ट तैयार कर लिया है। आयुष्मान भारत योजना में अभी मध्यप्रदेश के 328 निजी अस्पताल संबद्ध हैं। इनमें 23 हजार 946 बेड्स उपलब्ध हैं। सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत 68 निजी अस्पतालों को छह महीने के लिए संबद्ध कर लिया है।

## 88 फीसदी आबादी को मिलेगी बड़ी राहत

इंपैक्ट




पत्रिका में 6 मई को प्रकाशित

**पत्रिका ने 6 मई के अंक में 'सरकार! हमें भी चाहिए चिरंजीवी'**

शीर्षक से इस मुद्दे को उठाया था। राजस्थान सरकार ने चिरंजीवी योजना के नाम से पांच लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा दी है। इसी तरह मध्यप्रदेश में मुफ्त इलाज की जरूरत को बताती खबर प्रकाशित की थी। इस पर सीएम शिवराज ने तत्काल संज्ञान लेकर गुरुवार को ही मुफ्त इलाज की योजना तैयार कराई। शुक्रवार को इसका ऐलान होगा। सीएम ने बताया, प्रदेश में अभी तक आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 42 लाख कार्ड बनाए गए हैं, इसमें 88 प्रतिशत जनसंख्या कवर हो रही है।

### एक सदस्य का कार्ड तो अन्य को भी लाभ

सरकार ने निर्णय लिया है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत यदि परिवार के एक सदस्य के पास आयुष्मान कार्ड है तो परिवार के अन्य सदस्यों को भी निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल सकेगी। कोविड इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होने पर कलेक्टर उसका आयुष्मान कार्ड बनवाने की व्यवस्था करेंगे।

### पैकेज की दरें 40 प्रतिशत बढ़ाई

निजी अस्पताल कोविड का इलाज इस योजना के अंतर्गत अच्छे तरीके से कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान भारत पैकेज की दरों को 40 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। इन दरों में रूम रेंट, भोजन, जांचें, परामर्श शुल्क और पैरामेडिकल शुल्क आदि शामिल है।

### सीटी स्कैन, ऑक्सीजन और दवा

खास बात ये कि नई योजना में सीटी स्कैन समेत अन्य जांचें मुफ्त होंगी। यहां तक कि दवाएं, रेमडेसिविर इंजेक्शन, ऑक्सीजन का भी कोई शुल्क नहीं लगेगा। अभी हजारों रुपए देकर भी रेमडेसिविर इंजेक्शन मिलने में दिक्कत होती है। अब सरकार इस इंजेक्शन सहित अन्य सभी दवाएं मुफ्त मरीजों को देगी।

### कलेक्टर कर सकेंगे अस्पतालों को संबद्ध

हर जिले के निजी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज मिल सके, इसके लिए कलेक्टरों को अधिकार दिए जाएंगे कि वे अस्पतालों को संबद्ध कर सकें।

### 5 हजार रुपए डायग्नोस्टिक एडवांस

राज्य सरकार द्वारा योजना के तहत इलाज करवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एडवांस डायग्नोस्टिक के लिए पांच हजार रुपए दिए जाएंगे। अभी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 हजार रुपए प्रत्येक पात्र परिवार को दिए जाते हैं।

### अस्पतालों में 60 हजार बिस्तर होंगे

प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों को कोविड के इलाज के लिए निजी व सरकारी अस्पतालों में 60 हजार 915 बिस्तर उपलब्ध होंगे।

पत्रिका 7-5-21

## मवेशियों को गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर घूमने वाले मवेशियों को गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 807 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। गुरुवार को सैफी नगर से एक मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़ा गया।

7-5-2021

जरूरत होने पर करेंगे 40 बेड में परिवर्तित

# आज से शुरू होगा नया कोविड सेंटर



रतलाम. शहर के खाचरोद रोड स्थित आश्रय गर्ल्स होस्टल में बन रहे कोविड सेंटर की तैयारियां पूरी हो गई है। इसकी शुरुआत आज से होगी। यहां पर 30 बेड का कोविड अस्पताल शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा बनाया गया है। इसकी मंजूरी अप्रेल माह के अंतिम सप्ताह में कलेक्टर ने दी थी। जरुरत होने पर 30 बेड के अस्पताल को 40 बेड में बदलेंगे।

शहर के बायपास रोड स्थित दारुल उलूम आएशा सिद्धिकी लीलबनात मदरसा के गर्ल्स होस्टल में कोरोना मरीज के इलाज के लिए 30 बेड का अस्पताल आज खोला जा रहा है। जिन कमरों में बच्चों को उर्दू के साथ अन्य विषयों की तालीम दी जा रही थी अब उन्हीं कक्षाओं में कोरोना से लड़ने की जंग होगी। मरीजों के इलाज की सुविधाएं पूरी हो गई है। जहां हर धर्म व समाज के लोगों का इलाज होगा। यहां पर बेड लगाए जा चुके है व अब ऑक्सीजन के सिलेंडर भी आ गए है। इतना ही नहीं, चिकित्सक के साथ साथ नर्सो के आने का क्रम भी शुरू हो गया है। इसके अलावा अस्पताल के लिए जरूरी मेडिकल संसाधन भी आ गए है।

सामाजिक कार्यकर्ता यास्मीन शेरानी ने बताया 30 बेड के इस अस्पताल में कोविड मरीजों के लिए न सिर्फ बेड बल्कि, ऑक्सीजन की भी व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा चिकित्सक की उपस्थिति में अस्पताल संचालित होगा। नर्स स्टाफ भी यहां मौजूद रहेगा। शासकीय अस्पताल के अलावा निजी अस्पताल में भी मरीजों के लिए जगह की कमी पड़ रही है ऐसे में इस तरह से कोविड अस्पताल का संचालन कोरोना मरिजो के लिए राहत वाला साबित होगा। कोविड सेंटर को सहयोग संस्था द्वारा संचालित किया जाएगा। इस संस्था में मदरसा कमेटी के अलावा लायंस क्लब भी साथ होगा।

कोरोना से लड़ाई लंबी लड़ना होगी। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। 30 बेड का कोविड सेंटर एक शुरुआत मात्र है, सभी से प्रार्थना है कि चेहरे पर मास्क लगाए बगैर बाहर नहीं जाए, वैक्सीनेशन आयोजन को सफल बनाए। **- खुर्शीद अनवर,** सामाजिक कार्यकर्ता

अस्थाई रूप से आगामी 3 माह के लिए किया सम्बद्ध

# आयुष्मान भारत योजना में रतलाम के तीन और अस्पतालों को किया शामिल

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com




रतलाम. आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत में उपलब्ध विभिन्न पेकेज अनुसार सामान्य उपचार कराने के लिए निजी चिकित्सालयों को तीन माह के लिए अस्थायी रूप से संबद्ध किए जाने का निर्णय लिया गया है। मध्यप्रदेश में कुल 68 निजी ... है।सीएमएचओ ने बताया कि राज्य कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार रतलाम के तीन अस्पतालों को शामिल किया गया है।

रतलाम जिले के सम्बद्ध ... सम्बद्ध किया गया है। रतलाम हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को जनरल मेडिसीन, शाह हास्पिटल को बर्न मैजमेंट प्लास्टिक सर्जरी, यूरोलॉजी, आर्थोपिडिक्स, ओटोरिनोलेरिंगोलॉजी, ओरल एंड मेक्सीलोफेसियल सर्जरी, पॉलीट्रामा, जनरल सर्जरी तथा श्रद्धा हॉस्पिटल को आर्थोपिडिक्स, आब्स्टेट्रिक गायनेकोलॉजी, जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसीन अंतर्गत

# कर्मचारियों की कोरोना संक्रमण से मृत्यु पर स्वजन को अनुकंपा नियुक्ति

वैभव श्रीधर • भोपाल

7-5-21

कोरोना संकट के बीच जान जोखिम में डालकर किसानों से गेहूं खरीद करने और निशुल्क राशन वितरण का काम करने वाले सहकारी समितियों के कर्मचारियों के स्वजन को अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी। कोरोना संक्रमण से मृत्यु होने पर पात्रता के अनुसार एक माह के भीतर नियुक्ति दी जाएगी। वहीं, संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के स्वजन को भी नौकरी पर रखा जाएगा पर वे नियमित नहीं होंगे। सहकारिता विभाग ने सभी जिला अधिकारियों से ऐसे प्रकरणों की जानकारी मांगी है ताकि अंतिम निर्णय जल्द हो सके। प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के नियमित कर्मचारी के निधन पर अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान है। इसके दायरे में कोरोना संक्रमण से होने वाली मृत्यु के मामले भी आएंगे। दरअसल, प्रदेश में अभी गेहूं की खरीद का काम चल रहा है। कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए सावधानियां तो बरती जा रही हैं पर कई कर्मचारी कोरोना संक्रमित हो गए और 103 की मृत्यु हो गई। इससे कर्मचारी भयभीत तो हैं ही, उन्हें स्वजन के भविष्य की चिंता भी सता रही है।

नई दुनिया

7-5-2021

## मास्क नहीं लगाने वाले छह लोगों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर व प्रशासक गोपालचंद्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कोरोना संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र में मास्क नहीं लगाने व बेवजह घूमने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पाट फाइन दल द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर छह लोगों से मास्क नहीं लगाने पर 100-100 रुपये का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाइश दी गई।

नईदुनिया

नई दुनिया। 7-5-2021।

# मास्क नहीं लगाने पर 6 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में मास्क नहीं लगाने व बेवजह घूमने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर 6 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाईश दी गई।

## रोकथाम के लिए मॉस्क पहनना अनिवार्य

म.प्र.लोक स्वास्थ्य अधिनियम-1949 के अन्तर्गत कोविड-19 (नोवल कोरोना वायरस) के कारण होने वाली महामारी को संक्रामक

(11)

जैकेट से जारी

भास्कर 7-5-21

# रतलाम में कोरोना कर्फ्यू की गाइडलाइन

- **ऑफिस-** राज्य स्वास्थ्य, पुलिस, विद्युत, दूरसंचार, नगरपालिका, पंचायत, रेलवे, बैंक आदि खुलेंगे।
- **मेडिकल स्टोर-** मेडिकल और आयुर्वेदिक दवाइयों की दुकानें सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुली रहेंगी। सरकार और निजी अस्पतालों के सौ मीटर (निकट) की परिधि वाली मेडिकल दुकानें 24 घंटे खुली रहेंगी।
- **दूध-** दूध विक्रेता और पार्लर वाले सुबह 6 से 10 बजे और शाम 4 से 7 बजे तक चलित रूप से दूध वितरण कर सकेंगे।
- **वैक्सीनेशन-** 18 साल से अधिक के प्री-रजिस्टर्ड और 45 साल से अधिक उम्र वालों को टीका लगाने समीपस्थ केंद्रों तक आने-जाने की छूट रहेगी।
- **गैस सिलेंडर-** एजेंसी द्वारा घर-घर होम डिलीवरी होगी, उपभोक्ता एजेंसी पर नहीं जा सकेंगे।
- **उद्योग-** एसडीएम कार्यालय से पास लेकर उद्योगों के कर्मचारियों और श्रमिक आवाजाही कर सकेंगे।
- **सर्विस-** कोविड जांच की रिपोर्ट और एसडीएम कार्यालय से पास प्राप्त करके इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, कारपेंटर आदि रिपेयर और सर्विस करने वाले सुबह 10 से शाम 5 बजे तक काम कर सकेंगे।
- **आरओ वाटर सप्लाई-** होम डिलीवरी की अनुमति रहेगी लेकिन सप्लाई कर्मचारियों को आरटीपीसीआर की रिपोर्ट साथ में रखना होगी।
- **परिवहन-** जिले के भीतर आवागमन के लिए ऑटो रिक्शा, मैजिक में वाहन चालक के अतिरिक्त अधिकतम दो सवारी बैठाने की अनुमति रहेगी।
- **अंतिम संस्कार-** शवयात्रा और अंतिम संस्कार में अधिकतम 10 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी। उठावना, पगड़ी व अन्य कार्यक्रम पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।

**प्रदेश में अब 17 की सुबह तक कोरोना कर्फ्यू • मई माह में शादी-ब्याह पर भी रोक**

# रतलाम में दस दिन बढ़ा कोरोना कर्फ्यू, सिर्फ 3 दिन होगी किराना की होम डिलीवरी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

7-5-2021

राज्य सरकार ने 15 मई तक प्रदेश में लॉकडाउन बढ़ा दिया है। शनिवार-रविवार को पहले से ही लॉकडाउन है, लिहाजा 17 मई की सुबह तक कोरोना कर्फ्यू लागू रहेगा। मई माह में शादी-ब्याह पर भी रोक लगा दी गई है। साथ ही जिन गांवों में कोरोना पॉजिटिव केस ज्यादा हो रहे हैं, उनमें मनरेगा की मजदूरी भी 15 मई तक बंद कर दी गई है। सीएम ने कहा है कि ऐसी जगहों पर राशन उपलब्ध कराया जाएगा।

रतलाम जिले में कोरोना कर्फ्यू 17 मई सुबह 6 बजे तक बढ़ा दिया गया है। इसमें लोगों की सुरक्षा के लिए कुछ प्रतिबंध बढ़ाए गए हैं तो सुविधा के लिए कुछ छूट भी दी गई है। संशोधित गाइड लाइन के अनुसार किराना दुकान वाले सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को सुबह 9 से 5 बजे तक होम डिलीवरी कर सकेंगे। बाकी के तीन दिन यानी सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को सुबह 6 से 11 बजे तक थोक व्यापारी बाकी लोडिंग-अनलोडिंग कर सकेंगे। इसके अलावा चलित रूप से सब्जी और फल बेचने, विवाह कार्यक्रम और गैर सरकारी निर्माण कार्य पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। इसके पहले कोरोना कर्फ्यू 29 अप्रैल को बढ़ाया गया था, जो 7 मई सुबह 6 बजे खुलना था। गुरुवार को संक्रमण के आंकड़ों की समीक्षा का बाद कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने दस दिन और बढ़ा दिया। इसमें शहरी क्षेत्र से कोई भी व्यक्ति कृषि कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्र में नहीं जा सकेगा।

रतलाम में कोरोना कर्फ्यू की गाइडलाइन- पढ़ें पेज 6

## सरकार का तर्क-पॉजिटिविटी रेट 18% से कम होगा, तभी मिलेगी ढील



**19.8%**
**पॉजिटिविटी रेट अभी**
संक्रमण में प्रदेश पहले देश में सातवें स्थान पर था, अब वह 14वें पर है। साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 19.8% है। रिकवरी रेट बढ़कर 85.13% हो गया है।

**भारी पड़ेगी ये भीड़...**
गुरुवार को मलखरगंज में किराना दुकानों पर भीड़ उमड़ी। कई जगहों पर सोशल डिस्टेंसिंग टूटी।

**तीसरी लहर की तैयारी अभी से करें**

### विधायक और पूर्व विधायक बोले- जिनके पास पात्रता पर्ची नहीं, उन्हें भी राशन मुहैया कराएं

**विधायक** रमेश मेंदोला ने आपदा प्रबंधन समूह की बैठक में कहा कि गरीबों को जल्द राशन वितरण होना चाहिए। पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने कहा कि जिन गरीबों के पास पात्रता पर्ची नहीं है, उन्हें भी राशन मिले। अस्पतालों में बेड बढ़ाने चाहिए। सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट जल्द तैयार कराए जाएं।

**विवाह आयोजन 'सुपर स्प्रेडर' हैं**

### सरकार का आग्रह मई में होने वाली शादियों को जून में किया जाए, मुख्यमंत्री वर्चुअली बधाई देंगे

**सरकार** का कहना है कि विवाह आयोजन 'सुपर स्प्रेडर' हैं। नियम दस लोगों को बुलाने का है, लेकिन 100-200 लोग पहुंच जाते हैं। जनप्रतिनिधियों से कहा गया है कि वे विवाह वाले परिवारों से बात करके सहमति बनाएं। जो शादियां मई में हैं, उन्हें जून में किया जाए। जून में जो शादी होंगी, उसमें सीएम वर्चुअली जुड़कर बधाई देंगे।

दै. भास्कर

7-5-2021

# जिला अस्पताल में दो सप्ताह में आएगी सीटी स्कैन मशीन : विधायक काश्यप

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दो सप्ताह के अंदर जिला अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन आ जाएगी। इसे ब्लड बैंक के वर्तमान भवन में लगाया जाएगा। मशीन लगाने की तैयारी शुरू हो गई है।

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया ब्लड बैंक को पैथोलॉजी लैब के प्रथम तल पर स्थानांतरित किया जा रहा है। दो दिन में जयपुर की सिद्धार्थ सीटी स्कैन एंड एमआरआई प्राइवेट लिमिटेड के टेक्नीशियन मशीन लगाने की तैयारी करने पहुंच जाएंगे। कंपनी के अनुसार स्थान मिलने के बाद एक से दो सप्ताह में मशीन आ जाएगी। कंपनी द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले बीपीएल और पात्र परिवारों के लिए सीटी स्कैन की जांच निशुल्क की जाएगी। इसका भुगतान शासन द्वारा जिला चिकित्सालय के माध्यम से किया जाएगा। सामान्य परिवारों को 933 रुपए देने होंगे। विधायक काश्यप ने बताया जिला अस्पताल में सीटी स्कैन जांच सुविधा मिलने से लोगों को बहुत राहत मिलेगी। मशीन की स्थापना, संचालन और रखरखाव आदि सभी कार्य कंपनी ही करेगी।



सीटी स्कैन मशीन लगाने के लिए गुरुवार से ब्लड बैंक को शिफ्ट किया जाने लगा है।

दै. भास्कर 7-5-2021

# जिला अस्पताल में एक-दो सप्ताह में आएगी सीटी स्कैन मशीन

## पैथोलाजी लैब के प्रथम तल पर ब्लड बैंक का स्थानांतरण



**कोरोना का कहर :** शहरों के बाद गांवों में संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर सरकार सख्त

# 15 मई तक सब बंद, मुख्यमंत्री बोले- कड़ाई से करें जनता कर्फ्यू का

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनता से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ना जरूरी है। हम लंबे समय तक बंद नहीं रख सकते। इसलिए अब 15 मई तक सब कुछ बंद कर दें। जनता कर्फ्यू का कड़ाई से पालन करें।

यह बात सीएम ने गुरुवार को जनता से अपील करते हुए कही। सीएम के बयान से साफ है कि प्रदेश में अब कर्फ्यू (लॉकडाउन) की

शादी-समारोह आगे बढ़ा दें। किसी गांव में यदि कोरोना का एक भी मरीज है तो वहां मनरेगा के काम बंद कर दिए जाएं।
-मुख्यमंत्री



जाएगी। कई जिलों ने पहले ही कर्फ्यू 13 मई तक बढ़ा दिया है। वहीं, ज्यादातर जिलों में इसका दायरा पहले से 10 मई तक है। 16 मई को भी रविवार है, ऐसे में इस दिन भी साप्ताहिक बंद रहेगा।

## संक्रमण में 14वें स्थान पर पहुंचे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना पर नियंत्रण हुआ है। संक्रमण में राज्य पहले देश में 7वें नंबर पर था, अब 14वें पर आ गया है। साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 19.8% है, वहीं रिकवरी रेट बढ़कर 85.13% हो गया है। सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## सीएम ने दिए अफसरों को निर्देश

सीएम ने अफसरों से कहा है कि गांव में बाहर से आने वाले व्यक्तियों को बिना जांच और क्वारंटीन किए अंदर न आने दें। इस तरह मेरा गांव-कोरोना मुक्त गांव, मेरा क्षेत्र-कोरोना मुक्त क्षेत्र बनाएं।

### विधायकों को जिम्मेदारी

अब जिलों की तरह ही जनपद पंचायतों में भी क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप गठित किए जाएंगे। इसमें विधायक, एसडीएम, जनपद सीईओ और समाजसेवी होंगे। स्थानीय विधायक इसका नेतृत्व करेंगे।

## 24 घंटे में 12,965 मरीज हुए

प्रदेश में बीते 24 घंटे में 12,965 संक्रमित स्वस्थ हुए हैं। वहीं, 12,421 नए पॉजिटिव मिले। इसमें भोपाल में 1,792, इंदौर में 1,584, ग्वालियर में 1,020, जबलपुर में 870 नए संक्र... रतलाम और ... तीन-तीन सौ ... शिवपुरी में चा... नए मरीज मिले ... 86 लोगों ने द...

**6,37,406** अब तक कोरोना की चपेट में आए

**6,160** लोगों की संक्रमण से हो चुकी है मौत



**5,42,632** नागरिकों ने संक्रमण को मात दी

# नगरीय क्षेत्रों में बनाएं कोविड सहायता केंद्र - भूपेंद्र सिंह

भोपाल ● मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा है कि 7 मई से 25 मई तक चलने वाले किल कोरोना-3 अभियान के अंतर्गत नगर निगम और नगर पालिका क्षेत्रों में कोविड सहायता केंद्र स्थापित करें। नगर निगम क्षेत्र में प्रत्येक जोन पर दो और नगर पालिकाओं में प्रत्येक दो-तीन वार्ड में एक कोविड सहायता केंद्र स्थापित किया जाए। भूपेंद्र सिंह ने कहा है कि प्रत्येक कोविड सहायता केंद्र के लिए स्थानीय नागरिकों की किल कोरोना समिति गठित करें। समिति केंद्र के संचालन में सहयोग करेगी। ऐसी समिति के गठन से अभियान में आमजन का जुड़ाव बढ़ेगा। यह समिति संबंधित जोन/वार्ड के अंतर्गत बने सहायता केंद्र के संबंध में आवश्यक प्रचार-प्रसार करेगी और संभावित मरीजों को सहायता केंद्र तक लाने में सहयोग भी करेगी।

# 'वैद्य आपके द्वार योजना' की शुरुआत आज

भोपाल ● 6 मई ( ब्यूरो )

मध्यप्रदेश के आयुष राज्यमंत्री रामकिशोर कावरे 7 मई को 'वैद्य आपके द्वार योजना' की शुरुआत करेंगे। श्री कावरे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 7 मई को 'वैद्य आपके द्वार योजना' की शुरुआत करेंगे। वे 'योग से निरोग कार्यक्रम' की प्रगति और 'काढ़ा

फार्मेसी के अधीक्षक और संचालनालय के कक्ष अधिकारी, प्रभारी अधिकारी को इस संबंध में सूचना दी है। उन्होंने बताया कि राज्यमंत्री इस दौरान आयुष विभाग चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ की कोविड-19 की ड्यूटी के समय संक्रमण एवं मृत्यु की जानकारी के संबंध में चर्चा करेंगे। इसके

11

# 15 मई तक बढ़ा कर्फ्यू

## 16 को रविवार, 17 की सुबह खुलेगा प्रदेश

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425078939

7-5-21

प्रदेश में कोरोना कर्फ्यू एक बार फिर बढ़ा गया है। अब यह 15 मई तक रहेगा। चूंकि 16 मई को रविवार है, इसलिए संडे लॉक डाउन के साथ 17 मई की सुबह 6 बजे तक सब बंद रहेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनता से आव्हान करते हुए कहा है कि कोरोना को नियंत्रित करने का एकमात्र उपाय संक्रमण की चेन तोड़ना है। हम लंबे समय तक बंद नहीं रख सकते, जनजीवन सामान्य भी करना है। इसलिए आगामी 15 मई तक सब कुछ बंद कर दें।

**शादियां आगे बढ़ाएं** : सीएम ने कहा कि शादी विवाह आगे बढ़ा दें। जिस गांव में एक भी कोरोना मरीज है, वहां मनरेगा के कार्य बंद कर दें। मुख्यमंत्री ने इस कार्य में सभी के सहयोग की अपील की है।

### जिस गांव में मरीज हो, वहां मनरेगा काम रोकें



### जनता को लूटा तो छोडूंगा नहीं

मुख्यमंत्री ने ऐसे लोगों को जो कि महामारी में भी दवाओं आदि की कालाबाजारी कर रहे हैं, निजी अस्पतालों में गरीब मरीजों को लूट रहे हैं या जनता से ज्यादा पैसे ले रहे हैं, उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि मैं जनता को लूटने वालों को छोडूंगा नहीं। कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

### पात्रता पर्ची नहीं है तब भी मिलेगा नि:शुल्क राशन

प्रत्येक गरीब को 10 किलो नि:शुल्क राशन दिया जा रहा है। इसके लिए पात्रता पर्ची, अंगूठे की छाप देना, आधार नंबर देना आदि की कोई जरूरत नहीं है। ग्रामीण एवं शहरी पथ विक्रेताओं को 1-1 हजार रुपए की राशि दी जा रही है।

**मप्र का पॉजिटिविटी रेट 19.8% हुआ**

सीएम ने कहा कि प्रदेश में कोरोना पर नियंत्रण हुआ है। कोरोना संक्रमण में मप्र पहले देश में सातवें स्थान पर था अब वह 14वें स्थान पर आ गया है। बेड्स की संख्या बढ़कर 63,000 से अधिक हो गई है। आईसीयू बेड्स भी बढ़ा रहे हैं।

**तीसरी लहर के लिए तैयार होगा हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर** : प्रदेश में यदि तीसरी लहर आती है तो उसके लिए भी हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक जिले में ऑक्सीजन प्लांट लगाए जा रहे हैं। सीटी स्कैन आदि मशीनें लगाई जा रही हैं। प्रदेश में 94 नए ऑक्सीजन प्लांट लगाए जा रहे हैं। सीएम ने मीडिया से आग्रह किया कि वह भी जनता का मनोबल बढ़ाएं।

# एमपी में 17 मई तक कोरोना कर्फ्यू

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की ग्रामीण क्षेत्रों में भी कोरोना फैलने पर चिंता जाहिर

भोपाल, 6 मई. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि कोरोना की दूसरी लहर के कारण उपजी स्थितियां काफी हद तक नियंत्रण में आयी हैं, लेकिन इस पर पूरी तरह काबू पाने के लिए पूरे राज्य में 15 मई तक कोरोना कर्फ्यू लगाने का निर्णय लिया गया है. बता दें कि पूरे प्रदेश में शनिवार और रविवार का वीकेंड कर्फ्यू पहले से ही लागू है. ऐसी दशा में सोमवार 17 मई को सुबह 6 बजे तक कोरोना कर्फ्यू लागू रहेगा.

चौहान ने यहां किल कोरोना-2 अभियान के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और मैदानी अमले को संबोधित किया. मुख्यमंत्री ने इस बात पर चिंता जाहिर की कि इस बार कोरोना वायरस का संक्रमण गांवों में तक फैल गया है.





### नि:शुल्क इलाज के लिए नई योजना लागू होगी

चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना मरीजों के नि:शुल्क इलाज के लिए नई योजना लागू की जा रही है. इसके अंतर्गत प्रदेश के गरीब एवं आम आदमी को जहां तक मध्यम वर्गीय व्यक्ति को भी कोरोना का नि:शुल्क इलाज अनुबंधित निजी अस्पतालों में मिल सकेगा. योजना के क्रियान्वयन के लिए

### काफी नियंत्रण में स्थिति

चौहान ने इस बात पर संतोष जाहिर किया कि अप्रैल माह में जिस तेजी के साथ कोरोना संक्रमण फैला था, अब मई माह की शुरुआत में इस पर काफी नियंत्रण पा लिया गया है. आने वाले दिनों में हमें इस संक्रमण को पूरी तरह समाप्त करने के लिए कार्य करना है. उन्होंने कोरोना मरीजों के इलाज के लिए सरकार की तरफ से किए जा रहे प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार चाहती है कि सभी गरीबों को इलाज मुफ्त हो और इसके लिए आयुष्मान योजना के साथ ही एक अन्य योजना पर सरकार कार्य कर रही है. एक दो दिन में यह घोषित हो जाएगी.

### तीसरी लहर से निपटने की तैयारियां भी शुरू

सरकार सिर्फ कोरोना की दूसरी लहर से ही नहीं, बल्कि आने वाले समय में

## कर्मचारियों ने कहा, बगैर सुविधा कैसे जाएं

# मेडिकल कॉलेज में सफाई से किया इनकार तो नोटिस जारी



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 7-5-2021

रतलाम. नगर निगम के 24 सफाई कर्मचारियों ने मेडिकल कॉलेज में स्वच्छता कार्य करने से गुरुवार को इंकार कर दिया है। मेडिकल कॉलेज में सफाई कार्य का ठेका दिया गया था, लेकिन ठेकेदार पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है, बाद मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन 22 से 24 कर्मचारी नगर निगम भेज रहा है। गुरुवार को कर्मचारियों ने काम से इसलिए इंकार कर दिया, क्योंकि इनकी मांग है कि इनको वो संसाधन दिए जाए जिससे इनकी जान को नुकसान नहीं हो, बदले में नगर निगम ने कर्मचारियों को नोटिस जारी कर दिया है।

कर्मचारियों के अनुसार वे कोविड मरीज के टॉयलेट में जाकर सफाई का कार्य करते है। उनको पीपीईकीट मिलना चाहिए। सैनिटाईजर से लेकर मास्क तक निगम नहीं दे रही है, कर्मचारी को खरीदना पड़ रहा है। इसलिए ही मेडिकल कॉलेज में सफाई कार्य से इंकार किया।

कामथेन सिक्यूरिटी कंपनी का सफाई का ठेका है। अनुबंध के अनुसार वो पर्याप्त स्वच्छता कर्मचारी उपलब्ध नहीं करवा पा रही है, इसलिए कंपनी को नोटिस जारी किया गया है। - **डॉ. जितेंद्र गुप्ता**, डीन मेडिकल कॉलेज

कर्मचारियों की मांग जायज है या नहीं, यह विषय बाद में, पहली बात उनको काम करने से रोकने का अधिकार इस महामारी के दौरान नहीं है। यह समय सेवा का है, कर्मचारियों को नोटिस जारी किए गए है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

7-5-2021

# मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय निरंतर जारी

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत् कोविड-19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पहुंचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है साथ ही इस कार्य में सतत् निगरानी भी रखी जा रही है।

नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सत्त निगरानी रखी जा रही है इसके अलावा प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में सेनेटाईजेशन के कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो मेडिकल कॉलेज के अंदर व बाहर सेनेटाईजेशन का कार्य संपादित कर रहे है।

**कोरोना का कहर :** शहरों के बाद गांवों में संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर सरकार सख्त

# ई तक सब बंद, मुख्यमंत्री बोले- कड़ाई से करें जनता कर्फ्यू का पालन

...िवराज सिंह ...ील करते हुए ...मण की चेन ...थे समय तक ...लिए अब 15 ...र दें। जनता ...लन करें।
... गुरुवार को ...े हुए कही। ...है कि प्रदेश ...डाउन) की ...मई कर दी

शादी-समारोह आगे बढ़ा दें। किसी गांव में यदि कोरोना का एक भी मरीज है तो वहां मनरेगा के काम बंद कर दिए जाएं।
-मुख्यमंत्री



जाएगी। कई जिलों ने पहले ही कर्फ्यू 13 मई तक बढ़ा दिया है। वहीं, ज्यादातर जिलों में इसका दायरा पहले से 10 मई तक है। 16 मई को भी रविवार है, ऐसे में इस दिन भी साप्ताहिक बंद रहेगा।

## संक्रमण में 14वें स्थान पर पहुंचे

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना पर नियंत्रण हुआ है। संक्रमण में राज्य पहले देश में 7वें नंबर पर था, अब 14वें पर आ गया है। साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 19.8% है, वहीं रिकवरी रेट बढ़कर 85.13% हो गया है। सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## सीएम ने दिए अफसरों को निर्देश

सीएम ने अफसरों से कहा है कि गांव में बाहर से आने वाले व्यक्तियों को बिना जांच और क्वारंटीन किए अंदर न आने दें। इस तरह मेरा गांव-कोरोना मुक्त गांव, मेरा क्षेत्र-कोरोना मुक्त क्षेत्र बनाएं।

### विधायकों को जिम्मेदारी

अब जिलों की तरह ही जनपद पंचायतों में भी क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप गठित किए जाएंगे। इसमें विधायक, एसडीएम, जनपद सीईओ और समाजसेवी होंगे। स्थानीय विधायक इसका नेतृत्व करेंगे।

## 24 घंटे में 12,965 मरीज हुए स्वस्थ

प्रदेश में बीते 24 घंटे में 12,965 संक्रमित स्वस्थ हुए हैं। वहीं, 12,421 नए पॉजिटिव मिले। इसमें भोपाल में 1,792, इंदौर में 1,584, ग्वालियर में 1,020, जबलपुर में 870 नए संक्रमित सामने आए। रतलाम और रीवा जिले में करीब तीन-तीन सौ संक्रमित तो शिवपुरी में चार सौ से अधिक नए मरीज मिले। वहीं, राज्य में 86 लोगों ने दम तोड़ दिया।

**6,37,406** अब तक कोरोना की चपेट में आए

**6,160** लोगों की संक्रमण से हो चुकी है मौत



**5,42,632** नागरिकों ने संक्रमण को मात दी

**88,614** सक्रिय मरीज हैं कोरोना के राज्य में

**जन संकल्प से हारेगा कोरोना**

गंभीर कोरोना संक्रमण होने के बावजूद अपनी इच्छाशक्ति से कोरोना को हराने वाले जांबाज की कहानी

**हौसला-** कोरोना की दूसरी लहर में वह रोज आसपास भर्ती लोगों को मरते देखते थे फिर भी नहीं हारी हिम्मत

# सैनिटाइजेशन के साथ मरीजों को दवा बांटते हुए कोरोना ने घेरा, फेफड़ों में 60% संक्रमण, दोनों डोज लगी थी इसलिए वेंटिलेटर पर रहने के बाद भी सात दिन में ठीक होकर घर लौटे



अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान वेंटिलेटर पर रहते भी अनिल ने हिम्मत नहीं हारी।

अनिल पारा | कोरोना वॉरियर

7-5-2021

अक्टूबर 2020 में ही नगर निगम रतलाम में पदस्थ हुआ था। मार्च में दूसरी लहर में कोरोना तेजी से फैला तो मुझे नोडल अधिकारी बनाकर सैनिटाइजेशन की जिम्मेदारी दी गई। शहर में लगातार सैनिटाइजेशन कर रहे थे इसी बीच होम आइसोलेशन में रहकर इलाज करवा रहे मरीजों को मेडिसिन किट बांटने का काम सौंप दिया गया। हर दिन सुबह से रात तक ये ही काम कर रहे थे कि 22 अप्रैल को अचानक तेज बुखार आया। दवाई ली लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हुआ। उत्तमपुरा (मुरैना) में रहने वाले परिवारजनों को बताया तो बोले तुरंत घर चले आओ। परिवारवालों को काफी समझाया कि वैक्सीन की दोनों डोज लग गई है, इसलिए चिंता की बात नहीं। बावजूद वे नहीं माने तो 23 अप्रैल को ग्वालियर आ गया। 26 अप्रैल को सैंपल दिया। जांच रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई। उसी दिन सांस लेने में परेशानी होने लगी, तो परिवार वालों ने रात 3 बजे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती करा दिया। सिटी स्कैन की जांच में फेफड़ों में 60% इंफेक्शन निकला। डॉक्टरों ने तुरंत मुझे बाई-पेप मशीन सपोर्ट पर कर दिया। शुरुआत के तीन दिन कष्टदायी रहे। चौथे दिन से हालत सुधरना शुरू हुई। संक्रमण से बहुत कमजोरी आ गई थी। उस पर आसपास भर्ती मरीजों की मौत के बाद किट में पैक करके ले जाता देखता तो डर जाता था। पहली वैक्सीन, दूसरी डॉक्टरों की देखभाल। डॉक्टर जब भी मिलने आते कहते वैक्सीन की दोनों डोज लग गई है इसलिए चिंता करने की जरूरत नहीं है। हम आपको बिलकुल ठीक करके घर भेजेंगे। डॉक्टर रात में भी देखने आते रहे। सातवें दिन (4 मई) जब मेरी हालत स्थिर हुई तो डिस्चार्ज कर दिया।

## कमिश्नर ने भी बढ़ाया हौसला

अस्पताल में रहते हुए भी कमिश्नर सोमनाथ झारिया रोजाना बात कर हालचाल पूछते और हौसला बढ़ाते। सरकार से एक ही अनुरोध है कि कोरोना नियंत्रण में लगे हजारों कर्मचारी साथी जो रोज ड्यूटी के दौरान संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं और कोरोना से लड़कर ठीक भी हो रहे हैं, उन्हें कोरोना योद्धा की राशि प्रदान की जाए। यह राशि उनके जीवन काल में काम आएगी। मौत के बाद इस राशि का कोई मतलब नहीं है।

दै० भास्कर
7-5-2021



# मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने संबल हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता प्रदान की

रतलाम। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के 16,844 मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना के हितग्राहियों को अनुग्रह राशि रूपये 379 करोड रुपए हितलाभ वनक्लिक के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। रतलाम नगरीय क्षेत्र के 58 हितग्राही लाभान्वित हुए जिसमें से 54 हितग्राहियों को 2-2 लाख व 4 हितग्राहियों को 4-4 लाख की राशि का हितलाभ प्राप्त हुआ। वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाभ प्रदान कर ''आपका संबल-आपकी सरकार'' के तहत हितग्राहियों से संवाद किया। रतलाम एन आई सी कक्ष में अधिकारी व हितग्राहियो ने मुख्यमंत्री के संवाद को देखा व सुना। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, उपायुक्त नगर निगम श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, श्रम विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

7-5-2021

19

# भीड़ जमा हो तो 07412-270408 पर दें सूचना

**कलेक्टोरेट में कंट्रोल रूम स्थापित**

रतलाम। कोरोना को लेकर आमजनों की सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर कार्यालय के अधीक्षक कक्ष में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कोरोना कंट्रोल रूम का नंबर 07412-270408 है। दस से अधिक लोगों के एकत्रित होने पर तत्काल कंट्रोल रूम के नंबर पर नागरिक जानकारी दे सकते हैं।

नईदुनिया
7-5-2021

# कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित

रतलाम। जिले में कोविड-19 हेतु आमजनों की सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्ट्रेट कार्यालय रतलाम के अधीक्षक कक्ष क्रमांक 3 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कोरोना कंट्रोल रूम का नंबर 07412-270408 है। दस से अधिक लोगों के एकत्रित होने पर तत्काल अधीक्षक कलेक्ट्रेट कक्ष क्रमांक 3 में स्थापित कोरोना कंट्रोल रूम के नंबर 07412-270408 पर नागरिक जानकारी दे सकते हैं।

7-5-2021

# मोहल्लों और कालोनियों में झुंड बनाकर एकत्र होने पर भी की जाएगी कार्रवाई

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण रोकने के लिए प्रशासन द्वारा जारी गाइड लाइन का अनेक लोग पालन नहीं कर रहे हैं। इसके चलते संक्रमण बढ़ता जा रहा। पुलिस द्वारा अब सात मई से मोहल्लों व कालोनियों में एकत्र होने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस प्रशासन के अनुसार लाकडाउन में बगैर वैध कारण से घरों से बाहर निकलने व अधिक संख्या में एकत्र होने पर रोक लगाई गई है। पुलिस द्वारा सख्ती करने के बाद भी अनेक लोग मोहल्लों व कालोनियों में किसी एक स्थान या घर के बाहर एकत्र होकर झुंड बनाकर बातें करते रहते हैं। इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। मोहल्लों व कालोनियों में एकत्र होने व लाकडाउन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। झुंड बनाकर या पांच अथवा ज्यादा लोगों के एकत्र होकर बातचीत करने वालों की सूचना फोन नंबर 70491-62265, 0741-222223 अथवा 0741-2270474 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

**किसी ने ढाबा तो किसी ने किराना दुकान खोलकर किया उल्लंघन**

जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा प्रतिदिन लाकडाउन का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों व अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस थानों पर प्रकरण दर्ज किए जा रहे हैं। इसके बाद भी दुकानदार, ढाबे वाले व अन्य लोग लाकडाउन का उल्लंघन कर रहे हैं। पिपलौदा पुलिस ने बगैर अनुमति के आरोपित बाबूलाल परमार पुत्र मांगीलाल निवासी ग्राम शेरपुर के खिलाफ ढाबा खोलकर भीड़ एकत्र करने पर प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार आलोट में आरोपित टीकमचंद पुत्र पुरुषोत्तम अग्रवाल किराना दुकान खोलकर सामान बेच रहा था। उनके यहां भी ग्राहकों की भीड़ एकत्र हो गई थी। आलोट पुलिस ने टीकमचंद के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया है।

नईदुनिया
7-5-2021

# पत्रिका कोरोना हेल्प कॉर्नर

## कोविड सेंटर हेल्पलाइन नंबर

जीएमसी हेल्प लाइन - 07412 284433
जीएमसी हेल्प डेस्क - 94071 96101
जीएमसी हेल्प लाइन - 07412 284421

## निजी वैक्सीन सेंटर

| | |
|---|---|
| कम्युनिटी हॉल अल्कापुरी | रेडक्रॉस सोसायटी परिसर जावरा |
| माहेश्वरी धर्मशाला कसेरा बाजार | अंबेडकर भवन न्यू आलोट |
| जैन काश्यप सभागृह सागोद रोड | ताल में नीमचौक |



## वैक्सीन सेंटर

बाल चिकित्सालय
पुराना कलेक्टेट

## वेंटिलेटर सुविधा युक्त अस्पताल

मेडिकल कॉलेज
सीएचएल
जीवांश हॉस्पिटल
रतलाम हॉस्पिटल

## आइसीयू बेड की सुविधा वाले अस्पताल

| | |
|---|---|
| मेडिकल कॉलेज | 146 |
| रेलवे हॉस्पिटल | 20 |
| आयुष ग्राम बंजली | 10 |
| जीडी हॉस्पिटल | 10 |
| सीएचएल | 10 |
| जीवांश हॉस्पिटल | 05 |
| गायत्री हॉस्पिटल | 05 |
| आरोग्यम | 05 |
| रतलाम हॉस्पिटल | 06 |
| शाह हॉस्पिटल | 05 |
| डॉ जीतमल हॉस्पिटल | 05 |

(अनुमानित)

## यहां से भी ले सकते हैं जानकारी

ऐपः सार्थक, सार्थक, हेल्पलाइन: 1075

## यहां भरवा सकते हैं ऑक्सीजन सिलेंडर

महावीर ऑक्सीजन औद्योगिक क्षेत्र
मालवा ऑक्सीजन औद्योगिक क्षेत्र

पत्रिका
7-5-2021

## सीएम ने की कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा

# हमें कुछ दिन सख्ती करके पूरी तरह तोड़ना है संक्रमण की चेन

### सभी को मिले अच्छे से अच्छा उपचार, आईसीयू बेड्स बढ़ाए जाएं

भोपाल, (प्रस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण नियंत्रित हुआ है। हमें कुछ और दिन सख्ती करके संक्रमण की चेन को पूरी तरह तोड़ना है। लोगों की जानें बचाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

श्री चौहान मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में कोरोना का अच्छा से अच्छा इलाज सुनिश्चित करना है। आई.सी.यू. बेड्स की संख्या बढ़ाई जाये। शादियांआगे बढ़ाई जायें। अंतिम संस्कार में सीमित व्यक्ति शामिल हों।

सीएम ने कहा कि सभी जिलों में कोरोना के दौरान हर गरीब को निःशुल्क राशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी जिलों से प्रभारी मंत्री, कोरोना के प्रभारी अधिकारी, कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक आदि उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में ऑक्सीजन, रेमडेसिविर इंजेक्शन आदि पर्याप्त मिल रहे हैं। जहां-जहां आवश्यक हो बेड्स की संख्या बढ़ाई जाए।




### गड़बड़ी करने वालों को न छोड़ें

श्री चौहान ने कहा कि कुछ स्थानों से दवाओं, इंजेक्शन आदि की कालाबाजारी की शिकायतें आ रही हैं, यह हैवानियत है। गड़बड़ करने वालों को छोड़ा न जाए, उन पर सख्त कार्रवाई करें। निजी अस्पताल मरीजों से अधिक शुल्क न वसूलें, यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एम्बुलेंस की दरें निर्धारित कर दी गई हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित दर पर ही मरीजों को एंबुलेंस उपलब्ध हो।

### साप्ताहिक नए प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी आई

प्रदेश में कोरोना के साप्ताहिक नए प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी आई है। प्रदेश में 28 अप्रैल की स्थिति में कोरोना के साप्ताहिक नए प्रकरण 91 हजार 354 थे, वहीं 5 मई की स्थिति में ये घटकर 86 हजार 820 हो गए हैं। प्रदेश की साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 20.3 प्रतिशत है प्रदेश में कोरोना के सक्रिय प्रकरण 89 हजार 144 हैं। पिछले 24 घंटों में 12 हजार 319 नए प्रकरण आए हैं, वहीं 9,643 स्वस्थ हुए हैं। प्रदेश की रिकवरी रेट 84.7 प्रतिशत तथा मृत्यु दर एक प्रतिशत है। प्रदेश के 12 जिलों में 200 से अधिक कोरोना के नए प्रकरण आए हैं। इंदौर में 1817, भोपाल में 1579, ग्वालियर में 1174, जबलपुर में 826, उज्जैन में 355, रीवा में 341, शिवपुरी में 328, रतलाम में 308, धार में 252, सागर में 236, सिंगरौली में 232 तथा सतना में 231 कोरोना के नए प्रकरण आए हैं।

7-5-2021

# मुक्तिधाम में लकड़ियों की कमी, यहां कई क्विंटल लकड़ियां बेकार पड़ीं

रतलाम | अंतिम संस्कारों की संख्या बढ़ने से मुक्तिधाम में लकड़ियों की कमी हो रही है। इससे आसपास के ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉलियों से लकड़ियां शहर के मुक्तिधामों में पहुंचा रहे हैं लेकिन शहर के कई स्थानों पर बेकार ही कई पेड़ की डालें रखी हुई हैं।

इनका उपयोग मुक्तिधाम में किया जा सकता है। इससे मुक्तिधाम में लकड़ियों की कमी दूर हो सकती है। जहां पेड़ों की डाल बेकार पड़ी है उनमें राजस्व कॉलोनी लायंस हॉल के सामने, कालिकामाता मंदिर में, लॉ कॉलेज परिसर में, गुलाब चक्कर सहित अन्य स्थान शामिल है। यहां बेकार पेड़ की डाल रखी पड़ी है। वाघेला जीव दया समिति के दिनेश वाघेला ने बताया कि नगर निगम इन

# हर दिन सामने आ रहे 300 से अधिक कोरोना संक्रमित

## कोरोना से बचें ● अप्रैल की तुलना में ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा मई माह, नाकाफी सिद्ध हो रहे इंतजाम

रतलाम। जिले में कोरोना की दूसरी लहर जमकर कहर बरपा रही है। हर दिन नए संक्रमितों के साथ मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। अप्रैल माह के 11 दिन 200 से अधिक नए संक्रमित सामने आए, वहीं चालू माह में हर दिन 300 से अधिक नए पाजिटिव केस सामने आ रहे हैं। संक्रमण की रोकथाम के साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे जतन नाकाफी साबित हो रहे हैं। पर्याप्त चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ, जरूरी दवाओं, इंजेक्शन के साथ आक्सीजन की कमी बनी हुई है। इससे शासन-प्रशासन के साथ आमजन की चिंता बढ़ी हुई है।

कोरोना की शुरुआत से अब तक में अप्रैल 2021 के बाद मई भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। कोरोना ने शहर के साथ-साथ गांव-कस्बों तक पैर जमा लिए हैं। जिले में लोगों के स्वास्थ्य की जांच का दायरा भी बढ़ा दिया गया है। सैंपलिंग बढ़ाने के बाद आगामी दिनों में पाजिटिविटी रेट कम होने की उम्मीद है, लेकिन वर्तमान परिस्थिति में हालात बेकाबू नजर आ रहे हैं। उपचार के साथ जरूरी दवा-इंजेक्शन के अभाव में कई मरीज असमय दम तोड़ रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में सभी बेड फुल हो चुके हैं। नए मरीजों को बेड भी नहीं मिल पा रहे हैं। सक्षम परिवार को अन्य स्थानों पर जैसे-तैसे बेड के इंतजाम कर पा रहे हैं, लेकिन निम्न व मध्यमवर्गीय परिवार के मरीजों की सांसों की डोर टूटती जा रही है। स्थिति ये है कि अस्पतालों के बाहर मरीज के साथ स्वजन बेड खाली होने का इंतजार कर रहे हैं।



सैलाना रोड पर बंजली स्थित शासकीय मेडिकल कालेज का मुख्य द्वार। ● नईदुनिया



**मई 2021 के छह दिनों की स्थिति**

| तारीख | मरीज मिले | स्वस्थ हुए | मौत | एक्टिव मरीज |
|---|---|---|---|---|
| 01 मई | 325 | 306 | 05 | 1815 |
| 02 मई | 345 | 293 | 01 | 1866 |
| 03 मई | 355 | 329 | 05 | 1887 |
| 04 मई | 308 | 228 | 05 | 1956 |
| 05 मई | 385 | 316 | 05 | 2020 |
| 06 मई | 000 | 000 | 00 | 0000 |



**जिले में कोरोना की अब तक की स्थिति**

| | |
|---|---|
| पाजिटिव | 12905 |
| स्वस्थ हुए | 10340 |
| मौत | 219 |
| एक्टिव मरीज | 2346 |

## कोरोना की हर लहर को हराने के लिए सभी को वैक्सीन लगाना जरूरी



यह देखने में आ रहा है कि नकारात्मकता ने हमारे दिलो दिमाग में ऐसा घर कर लिया है कि इस वास्तविकता से भी मुंह मोड़े बैठे हैं कि प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग कोरोना को हराकर स्वस्थ भी हो रहे हैं। आप यदि कोरोना संक्रमित हैं तो अपनी जीवटता, दृढ़ इच्छाशक्ति और सकारात्मकता के बल पर कोविड-19 को हरा सकते हैं। पौष्टिक आहार लें। योग करें। मास्क लगाएं।

**- प्रवीण कोलन**, महासचिव, त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ, सोमवारिया जावरा



कोरोना से बचाव के लिए मास्क पहनना बहुत जरूरी है। यदि आपको बुखार, कफ या खांसी, अचानक स्वाद या गंध महसूस न होना, गले में खराश, सांस की तकलीफ जैसे लक्षण दिखाई दें तो अस्पताल जाकर जांच करवाएं। साथ ही निडर होकर पात्र लोग वैक्सीन जरूर लगवाएं। सभी को मिलकर कोरोना के खिलाफ झूठी जानकारियों से लड़ना चाहिए।

**- दीपिका रांका**, छात्रा, गांधी कालोनी जावरा



कोरोना की पहली लहर को हराने के बाद अब दूसरी लहर को भी हराएंगे। इसके लिए अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर आधार कार्ड अथवा मान्य फोटो परिचय पत्र साथ लेकर जाएं व टीका जरूर लगवाएं। नियमित रूप से मास्क लगाकर अपने मुंह व नाक को अच्छी तरह से ढंकें। अपने हाथों को बार-बार साबुन से धोएं व सामाजिक दूरी बनाकर प्रशासन के नियमों का पालन करें।

**-संतोष मेड़तवाल**, अध्यक्ष, लायंस क्लब जावरा



कोविड-19 की दूसरी लहर प्रथम लहर की तुलना में अधिक खतरनाक है। कोरोना महामारी भयानक स्तर पर पहुंच चुकी है। ऐसे में घर से तभी निकलें, जब बहुत आवश्यक कार्य हो। मास्क का उपयोग करें व अपना नंबर आने पर वैक्सीन जरूर लगवाएं। आप अपने घर के सदस्य के लिए बहुमूल्य हैं। कोरोना गाइड-लाइन का कड़ाई से पालन कर शासन-प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

**- महेश वासनिया**, एनजीओ रुद्र के संस्थापक, जावरा



मास्क बहुत जरूरी है। वर्तमान में नया ट्रेंड चल रहा है। कोविड-19 सेकंड वेव जिसमें हमें डबल लेयर मास्क लेना है। उसमें आपको ट्रिपल लेयर मास्क के साथ में कपड़े का मास्क पहनना है, ताकि अपने केस पर जितनी भी और ज्यादा फिल्ट्रेशन का इशू हो वह नहीं हो। अपना कैरिंग पार्ट और ज्यादा बढ़ें, क्योंकि यह वायरस बहुत घातक है। अभी जरूरी ना हो तो डाक्टर से आनलाइन कंसल्ट करें। **-डा. गुंजन मेहता**, चर्म, कुष्ठ गुप्त रोग विशेषज्ञ व हेयर ट्रांसप्लांट सर्जन

## 380 नए पाजिटिव केस और चार की मौत



मई माह के छठे दिन गुरुवार को 380 नए पाजिटिव केस सामने आए। चार की मौत भी हुई। 50 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 2346 है। मई के छह दिन में कुल 2098 नए संक्रमित सामने आए हैं और 1622 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। 25 मौत हुईं। पेंडिंग सैंपलों की संख्या भी दो हजार से अधिक बनी हुई है।

नई दुनिया 7-5-2021

# सब कुछ बंद होने के बाद भी संक्रमित मरीजों का आंकड़ा पहुंचा 385 पर

## ग्रामीण इलाकों में तेजी से फैल रहा कोरोना संक्रमण

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिले में कोरोना कर्फ्यू के दौरान सबकुछ बंद है, किराना दुकान, सब्जी, फलफ्रूट फिर भी कोरोना संक्रमित के मरीजों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। यह आंकड़ा बुधवार को तो 385 तक पहुंच गया। मई माह में ढाई सौ से उपर ही संक्रमित मरीजों का आंकड़ा आ रहा है, जो चिंता का विषय है। यह भी विचारणीय प्रश्न है कि ग्रामीण इलाकों में संक्रमित मरीजों की संख्या निरंतर बढ़ रही है।

लोगों का कहना है कि ग्रामीण इलाकों में तालाबंदी का जितना पालन होना चाहिए उतना पालन नहीं हो रहा है, लोग न तो बराबर मास्क लगा रहे है और ना ही सामाजिक दूरी का पालन हो रहा है। चर्चा तो इस बात की भी है कि मरीजों की जांच व्यवस्था न होने के कारण कई संक्रमित मरीज घुम रहे है जिन्हें यह भी पता नहीं है कि वह कोरोना के शिकार है। किल कोरोना अभियान ग्रामीण इलाकों में चलाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए है, ताकि घर-घर जाकर संक्रमित मरीजों का पता लगाया जा सके, लेकिन प्रशासन स्तर पर ऐसी कोई जानकारी नहीं मिल रही है कि यह अभियान कितने गांवों में चल रहा है और कितने दल इस अभियान में जुटे है। केवल ग्रामीण प्रतिनिधियों के हवाले से ही यह खबर छप रही है कि गांवों में कोरोना का असर कितना है।



### प्रचार-प्रसार न के बराबर

मेडीकल बुलेटिन में जो आंकड़े आ रहे है उसमें भी सबसे अधिक आंकड़े ग्रामीण इलाकों के ही नजर आ रहे है। जावरा क्षेत्र में विधायक राजेन्द्र पाण्डेय ने लगातार ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए है और भी कई स्थानों पर जनप्रतिनिधि सक्रिय है, लेकिन प्रयासों को संतोषप्रद कहा जाए यह मुश्किल है। ग्रामीण इलाकों में शासन स्तर पर जो प्रयास हो रहे है उसका प्रचार-प्रसार न के बराबर है। कायदे से विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य और प्रशासनिक अधिकारियों को मीडिया में यह जानकारी देना चाहिए कि उनके विकासखंड में कोरोना संक्रमण की क्या स्थिति है।

### मृतकों की संख्या 215 हुई

मई माह में ही कोरोना संक्रमण का आंकड़ा तेजी से बढ़ा और मरने वालों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। बुधवार को पांच लोगों की मृत्यु हुई तथा 316 पाजेटीव मरीज डिस्चार्ज हुए। 855 मरीजों की सेम्पल रिपोर्ट तथा सुपराटेक से 1219 मरीज की रिपोर्ट आना बाकी है। आईसोलेशन वार्ड में एक्टिव पाजेटीव मरीजों की संख्या 2020 है। कंटेनमेंट एरिये की संख्या 2690 पहुंच गई है। अभी तक 12,525 पाजेटीव मरीज जिले में पाए गए है। 1 लाख 30 हजार 567 संदिग्ध मरीजों का परीक्षण किया जा चुका है।

### तालाबंदी बढ़ेगी तो गरीबों पर पड़ेगा असर

जिले में लॉकडाउन को एक माह होने आया है और चर्चा यह भी है कि यह लॉकडाउन 15 मई तक बढ़ सकता है, ऐसे में गरीब और निर्धन वर्ग की क्या स्थिति होगी कल्पना की जा सकती है। न किराणे का सामान मिल रहा है, न दवाई की दुकानें बराबर खुली है, न आटा चक्की खुली और न सब्जी व फल-फ्रूट मिल रहे है। यदि 15 मई तक जनता कर्फ्यू निरंतर रहा तो आपदा प्रबंधन समिति को यह निर्णय करना पड़ेगा कि आगे की व्यवस्था कैसी रहेगी ताकि लोगों को रोजमर्रा की वस्तुएं सुलभ हो सके। कम समय के लिए ही छूट दी जाना चाहिए ताकि लोगों की राशन पानी की व्यवस्था हो सके।

### लोगों के पास पैसे भी नहीं

लोगों की यह भी शिकायत है कि बैंकों से पैसा नहीं मिल रहा है और ना एटीएम से बराबर राशि मिल पा रही है। कई एटीएम तो पैसे के अभाव में खाली पड़े है। जरूरी नहीं है कि हर किसी के पास एटीएम कार्ड हो वह अपनी आवश्यकता की पूर्ति बैंकों से छोटी-मोटी राशि निकालकर करता है, लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण बैंकों में भी व्यवहार बंद है आगे भविष्य में क्या होगा लोग चिंतित और परेशान है।

7-5-2021

(7)



## नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

रतलाम । रतलाम नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु कलेक्टर श्री गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 05 मई को फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, त्रिवेणी मुक्तिधाम, जवाहर नगर मुक्तिधाम, समता परिसर, सुदामा परिसर, अरिहंत परिसर, टाटा नगर, तेजा नगर, बालाजी नगर, राम नगर, काजीपुरा सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया।

7-5-2021

# नगर में प्रतिदिन किया जा रहा है सेनेटाईजेशन

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 7-5-21

रतलाम नगर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने हेतु कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार निगम के विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड से सेनेटराईज किया जा रहा है साथ ही माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्रों में भी हैण्ड मशीन से सेनेटाईजेशन किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराईड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनेटराईज किया जा रहा है। 06 मई को फायर लॉरी व ट्रेक्टर ट्रॉली से मेडिकल कालेज, भक्तन की बावड़ी, अहिंसा ग्राम, पूनम विहार कालोनी, शक्ति नगर, बिरियाखेड़ी, ऑफिसर्स कालोनी, कसारा बाजार सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सेनेटाईजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कन्टेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयो आदि में सेनेटराईजेशन का कार्य किया गया।



## कीटनाशक का छिड़काव

नगर के सेनेटराईज किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई का कार्य किया जा रहा है व सफाई उपरान्त सफाई स्थल व नालियो में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

राज एक्सप्रेस
7-5-2021

## रतलाम में 380 नए पॉजिटिव, दो दिन में ही 765 लोग संक्रमित, 4 लोगों ने तोड़ा दम

**रतलाम** | जिले में कोरोना संक्रमित का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को 380 पॉजिटिव सामने आए हैं। वहीं 4 लोगों ने दम भी तोड़ दिया है। जिले में अब 350 से ज्यादा संक्रमित ही सामने आ रहे हैं। दो दिन में 765 पॉजिटिव सामने आ चुके हैं। गुरुवार को मिले संक्रमितों में शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी शामिल हैं। संक्रमितों में तीन बच्चे भी हैं जिनकी उम्र 5, 6 और 10 साल की है। जिले में मई में ही 2098 पॉजिटिव सामने आ चुके है। इधर, जिले में अब तक कुल 219 लोग कोरोना से दम तोड़ चुके हैं। गुरुवार को 4 लोगों की मौत हो गई। मई में ही 25 लोग कोरोना के कारण अपनी जान गवां चुके हैं।

## मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन बेड नहीं

# 37 लोग ठीक होकर घर पहुंचे, 64 नए पॉजिटिव भर्ती हुए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मेडिकल कॉलेज में बेड की स्थिति लगातार खराब बनी हुई है। गुरुवार को कॉलेज में एक भी ऑक्सीजन और आईसीयू बेड खाली नहीं था। कई लोगों को इसके चलते परेशान भी होना पड़ा।

मेडिकल कॉलेज से गुरुवार को 37 लोग ठीक होकर अपने घर पर पहुंचे। वहीं, 64 नए मरीजों को भर्ती किया गया है। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि कॉलेज के अस्पताल में कुल 550 बेड हैं। इनमें आईसीयू के सभी 56 बेड फुल हैं। वहीं, एचडीयू के सभी 172 बेड, ऑक्सीजन के सभी 120 बेड फुल हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 202 में से 112 पर मरीज भर्ती हैं। इस तरह कॉलेज में कुल 460 मरीज का इलाज चल रहा है, इनमें से 305 मरीज पॉजिटिव हैं। मेडिकल कॉलेज में फिलहाल इस समय 90 बेड खाली हैं।

**4744 रेमडेसिविर इंजेक्शन मिले, 189 का स्टॉक बचा :-** वहीं, गुरुवार तक कॉलेज को कुल 4744 रेमडेसिविर इंजेक्शन मिले हैं। इनमें से 189 का स्टॉक अभी बचा है। कॉलेज से ठीक होने वाले लोगों को लगातार मास्क पहनने और दूसरों को भी कोरोना से बचाव करने की समझाइश देने की अपील की जा रही है। साथ ही कोरोना गाइडलाइन के पालन करने के साथ ही होम क्वारेंटाइन की सलाह दी जा रही है।

# गुरूवार को 1983 लोगों का टीकाकरण किया

(3)

## मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम. निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर 103 मरीजों को मेडिकल किट प्रदान की। गुरुवार को होम आईसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 127 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई व कन्ट्रोल रूम से 4 मेडिसिन किट अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। 103 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 5 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 6 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये तथा 9 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 8 मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया। पत्रिका 7-5-21

पत्रिका
7-5-2021

# होम आईसोलेशन के 103 मरीजों को किया मेडिसिन किट का वितरण



### स्टोर से 127 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क
7-5-21

कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 06 मई गुरुवार को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 127 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई व कन्ट्रोल रूम से 4 मेडिसिन किट। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई।

वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 103 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया।

### पांच मरीज भर्ती

5 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 6 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये तथा 9 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 8 मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

राज एक्सप्रेस
7-5-2021